>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Latehar district, Jharkhand-laid.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): संसदीय क्षेत्र चतरा अत्यंत पिछड़ा और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र (L.W.E.) है । लातेहार जिला अंतर्गत प्रखण्ड बरवाडीह अत्यंत नक्सल प्रभावित क्षेत्र है । इस प्रखण्ड में शिक्षा का घोर अभाव है । आर्थिक पिछड़ेपन, अशिक्षा, नक्सलियों का दंश क्षेत्र को अंधकार की ओर ले जा रहा है ।

मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद द्वारा लातेहार जिला अंतर्गत प्रखण्ड बरवाडीह में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव केन्द्रीय विद्यालय संगठन को भेजा जा चुका है । रेल मंत्रालय द्वारा इसके लिए जमीन भी प्रदान कर दी गई है । अब मामला शिक्षा मंत्रालय के पास विचाराधीन है ।

इस प्रखण्ड में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना होती है तो महुआडॉड, गारू, भंडरीया, गढ़वा एवं छिपादोहर आदि प्रखण्डों के पिछड़े क्षेत्र के बालक-बालिकाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके और समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके ।

अतः मेरा शिक्षा मंत्री जी से आग्रह है कि लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखण्ड में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की दिशा में शीघ्र अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये ।